केंद्रीय विद्यालय गंज बासौदा /Kendriya Vidyalaya Ganj Basoda

कक्षा पाँचवी (सत्र 2023-24) में प्रवेश हेतु ऑफलाइन पंजीकरण प्रकिया का विवरण:

शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए केंद्रीय विद्यालय गंज बासौदा में कक्षा –V (पाँचवी),में उपलब्ध)01 रिक्त सीट प्रवेश हेतु (ऑफलाइन- पंजीकरण दिनांक 06.04.2023(कार्यालय दिवसों में) से 12/04/2023 (अंतिम तिथि) दोपहर 02 00:बजे तक किया जा सकेगा। पंजीकरण हेतु इच्छुक अभिभावक केंद्रीय विद्यालय गंज बासौदा की वेबसाइट https://ganjbasoda.kvs.ac.in के ANNOUNCEMENTS सेक्शन का अवलोकन कर पंजीकरण सम्बन्धी सूचना एवं पंजीकरण फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं अथवा सभी कार्य दिवसों में विद्यालय के कार्यालय से भी पंजीकरण फॉर्म नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

IMPORTANT : **इच्छुक अभिभावक पूर्ण रूप से भरे पंजीकरण फॉर्म आवश्यक दस्तावजों सहिंत विद्यालय के कार्यालय में दिनांक 06.04.2023 से 12.04.2023 (कार्यालय दिवसों में) तक प्रात: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक जमा कर सकते हैं।**

पंजीकरण एवं प्रवेश संबंधी सभी सूचनाओं की जानकारी के लिए विद्यालय की वैबसाइट https://ganjbasoda.kvs.ac.in निरंतर देखें।

कक्षा --V (पाँचवी),के ऑफ-लाइन पंजीकरण हेतु अभिभावक कृपया निम्नलिखित तीन चरणों का अनुसरण करें

चरण 1 .

पंजीकरण हेतु इच्छुक अभिभावक केंद्रीय विद्यालय गंज बासौदा की वेबसाइट https://ganjbasoda.kvs.ac.in के ANNOUNCEMENTS सेक्शन में जाकर ऑफलाइन पंजीकरण फॉर्म डाउनलोड कर इसका प्रिंट आउट प्राप्त करें।

चरण 2 .

- ✓ डाउनलोड किये गए पंजीकरण फॉर्म में समस्त आवश्यक प्रविष्टियाँ पूर्ण कर स्वयं के हस्ताक्षर करें।
- ✓ जो फील्ड लागू ना हो उसे काट कर अपने हस्ताक्षर भी करें।
- ✓ पंजीकरण फॉर्म में कम से कम दो चलित दूरभाष नंबर अवश्य लिखें।
- ✓ पंजीकरण फॉर्म के साथ संलग्न किये जाने वाले समस्त आवश्यक दस्तावेजों / प्रमाण-पत्रों(जैसे जन्म प्रमाण-पत्र ,ब्लड-ग्रुप प्रमाण-पत्र ,निवास प्रमाण-पत्र ,जाति प्रमाण-पत्र ,आय प्रमाण-पत्र,सेवा प्रमाण-पत्र एवं अन्य आदि जो भी लागू हो) को भी स्व-हस्ताक्षरित करें।
- ✓ केंद्र सरकार / राज्य सरकार के कर्मचारी पंजीकरण प्रपत्र में दिए गए सेवा प्रमाण-पत्र एवं स्थानांतरण प्रमाण-पत्र को अपने कार्यालय के सक्षम अधिकारी से हस्ताक्षरित (मुहर के साथ) अवश्य करावें ।

चरण 3 .

पूर्णतय: भरे हुए एवं अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित पंजीकरण फॉर्म समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित दिनांक 06/04/2023 से 12/04/2023 (अंतिम तिथि) तक प्रात::10: 00 बजे से 2:00 बजे तक विद्यालय में आकर जमा करवाएं।

नोट : -

1. सभी कक्षाओं के लिए आयु की गणना 31.03.2023 से होगी। पंजीकरण / प्रवेश प्रकिया एवं कक्षाओं में सीटों का आरक्षण के.वि.सं. के प्रवेश दिशा-निर्देश के अनुसार किया जाएगा (https://kvsangathan.nic.in)।
2. **पंजीकरण / प्रवेश के लिए न्यूनतम और अधिकतम आयु सीमा नीचे दी गई है:-**

(1 अप्रैल को जन्म लेने वाले बच्चे पर भी विचार किया जायेगा)

कक्षा	न्यूनतम आयु (31st MARCH 2023 को)	अधिकतम आयु (31st MARCH 2023 को)
पाँचवी – V	9 वर्ष	11 वर्ष

3. विशेष नोट

- ऑफलाइन पंजीकरण फॉर्म भरने से पूर्व अभिभावक–गण उसमें उल्लेखित समस्त जानकारियों को भली–भाति समझ लें |
- अधूरा, अस्पष्ट भरा हुआ एवं बिना आवश्यक सहायक दस्तावेजों के प्रेषित पंजीकरण फॉर्म मान्य नहीं होगा एवं ख़ारिज कर दिया जाएगा |
- निर्धारित समयावधि के उपरांत प्रेषित पंजीकरण फॉर्म पर विचार नहीं किया जाएगा |

4. विद्यालय स्तर पर निम्न हेल्प डेस्क का गठन किया गया है जिसके सदस्यों से अभिभावक प्रवेश सम्बन्धी जानकारी हेतु दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक निम्न मोबाइल नो पर सम्पर्क कर सकते हैं |

क्र.	सदस्य का नाम	मोबाइल नंबर
1	सुश्री नेहा जैन	**8319282684**
2	सुश्री माया मोरे	**7735176088**
3	श्री प्रेम सिंह राहंगडाले	**9424335773**
4	श्री अशोक कुमार सिंह	**9016711055**
5	श्री अनिल कुशवाह	**8349070473**

****